अभियंता प्रमुख का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग

सकारण आदेश

कार्य प्रमंडल, हथुआ के अधीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत श्रीनगर से डटहाँ (Package No-BR 13R–183) पथ निर्माण कार्य को लंबित/अपूर्ण रखे जाने की सूचना इस कार्यालय को प्रदान करते हुए संबंधित क्षेत्रीय पदाधिकारियों द्वारा **संवेदक ललन टावर प्रा0 लि0 (निबंधन संख्या–462/2009),** को विभागीय डीबार सूची में सम्मिलित करने की अनुशंसा की गयी थी, जिसके आलोक में विभागीय पत्रांक–7779 अनु0 दिनांक 27.06.2016 द्वारा निर्गत डीबार सूची के क्रमांक–1302 पर उक्त संवेदक का नाम सम्मिलित करते हुए उन्हें आगामी निविदाओं में भाग लेने से वंचित किया गया था।

पुनः मुख्य अभियंता–3, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार पटना के पत्रांक–7597 अनु0 दिनांक 08.09.2020 अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, सिवान के पत्रांक–1051 अनु0 दिनांक 02.08.2019 एवं कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, हथुआ के पत्रांक–471 अनु0 दिनांक 27.04.2019 द्वारा उक्त पथ का कार्य पूर्ण कराये जाने की सूचना एवं संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराते हुए संवेदक को डीबार मुक्त करने की अनुशंसा की गयी। प्राप्त अनुशंसा पत्रों एवं संबंधित दस्तावेजों/साक्ष्यों के समीक्षोपरान्त उक्त संवेदक को डीबार मुक्त करने का निर्णय लिया गया है।

अतः **संवेदक ललन टावर प्रा0 लि0 (निबंधन संख्या–462/2009)** को विभागीय पत्रांक–7779 अनु0 दिनांक 27.06.2016 द्वारा निर्गत डीबार सूची के क्रमांक–1302 से विलोपित करते हुए डीबार मुक्त किया जाता है।

28/X/2020

(प्रवीण कुमार ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः मु0 अ0–4 (मु0) डीबार–33–101/2020 – 4246 /पटना, दिनांक–28/10/20

प्रतिलिपि :– **संवेदक ललन टावर प्रा0 लि0 (निबंधन संख्या–462/2009) ग्राम बंशी बतराहाँ, पो0 मिश्र बतराहाँ जिला गोपालगंज** को सूचनार्थ प्रेषित।

28/X/2020

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः– मु0 अ0–4 (मु0) डीबार–33–101/2020 – 4246 /पटना, दिनांक–28/10/20

प्रतिलिपि :– प्रधान सचिव/सचिव/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/योजना एवं विकास विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/नगर विकास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग,/पंचायती राज विभाग, बिहार पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम बिहार, पटना/बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/X/2020

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः– मु0 अ0–4 (मु0) डीबार–33–101/2020 – 4246 /पटना, दिनांक–28/10/20

प्रतिलिपि :– सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/ सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/X/2020

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः– मु0 अ0–4 (मु0) डीबार–33–101/2020 – 4246 /पटना, दिनांक- 28/10/20

प्रतिलिपि :– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक/आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/- 28/10/2020
अभियंता प्रमुख